SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB ALP CBT – 2, RPF Exam और Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 15 Questions for Current Affairs 05/02/2019

Q1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किस राज्य में 44,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया है?

क. केरल

ख. गुजरात

ग. पश्चिम बंगाल

घ. जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर राज्य की एक दिवसीय यात्रा पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 44,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और भारतीय जनसंचार संस्थान के नॉर्थ रीजनल सेंटर कैंपस का शिलान्यास भी किया है.

SarkariExam.Com

Q2. खदानों में महिलाओं की नियुक्ति करने के लिए किसने अधिसूचना जारी की है?

क. केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

ख. निति आयोग

ग. खेल मंत्रालय

घ. रेल मंत्रालय

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने हाल ही में खदानों में महिलाओं की नियुक्ति करने के लिए अधिसूचना की है. जिससे महिलाओं को खदानों में रोजगार का अवसर मिलेगा और महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन भी मिलेगा.

Q3. वित्त वर्ष 2019-20 में नेशनल इंश्योरेंस, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस और किस कंपनी का विलय पूरा हो जायेगा?

क. पालिसी बाज़ार

ख. एलआईसी

ग. जनरल इंश्योरेंस कंपनी

घ. टाटा एक्सा इंश्योरेंस कंपनी

वित्त वर्ष 2019-20 में नेशनल इंश्योरेंस यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस और जनरल इंश्योरेंस कंपनी का विलय पूरा हो जायेगा. सरकार ने 2018 के बजट में इन इंश्योरेंस कंपनी के विलय का ऐलान किया था.

SarkariExam.Com

Q4. जम्मू-कश्मीर का कौन सा क्षेत्र 3 फरवरी, 2019 को नेशनल ग्रिड से जुड़ा?

a) अमरगढ़

b) लद्दाख

c) श्रीनगर

d) शोपियां

३ फरवरी २०१ ९ को लद्दाख के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने २२० केवी श्रीनगर-अलस्टेंग - द्रास- कारगिल - लेह ट्रांसमिशन सिस्टम को राष्ट्र को समर्पित किया, एक ऐसा कदम जो वर्ष में लद्दाख को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। इसके साथ, लद्दाख अब राष्ट्रीय ग्रिड से जुड़ा हुआ है।

Q5. हाल ही में किस देश के अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र के एक भवन में आग लगने से 3 वैज्ञानिकों की मौत हो गई है?

क. अमेरिका

ख. ऑस्ट्रेलिया

ग. इराक

घ. ईरान

हाल ही में ईरान के अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र के एक भवन में आग लगने से 3 वैज्ञानिकों की मौत हो गई है. ईरान के अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र ने वर्ष 2013 में एक बंदर को अंतरिक्ष में भेजा था.

SarkariExam.Com

Q6. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मजदूरों की मृत्यु पर किस राज्य की सरकार को नोटिस जारी किया है?

a) मध्य प्रदेश

b) राजस्थान

c) हरियाणा

d) उत्तर प्रदेश

राष्ट्रीय बरेली जिले में विद्युतीकरण के कारण तीन मजदूरों की मौत और दो अन्य के घायल होने पर मानवाधिकार आयोग ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इसने राज्य सरकार से इस मामले में चार सप्ताह के भीतर राहत और पुनर्वास के साथ ही पहले से ही उपलब्ध नहीं कराए जाने पर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है।

Q7. बेयर-नकल बॉक्सिंग की फ्लाईवेट कैटेगरी में किस बॉक्सर ने वर्ल्ड चैंपियन का खिताब जीता है?

क. सेसेलिया फ्लोरेस

ख. बेक रॉलिंग्स

ग. सुमोना हाल्स

घ. सेरेना वीनस

ऑस्ट्रेलिया की बेक रॉलिंग्स ने हाल ही में बेयर-नकल बॉक्सिंग की फ्लाईवेट कैटेगरी में अपना वर्ल्ड चैंपियन का टाइटल खिताब जीत लिया है. उन्होंने मैक्सिको की सेसेलिया फ्लोरेस को हराकर यह ख़िताब अपने नाम किया है.

SarkariExam.Com

Q8. वर्ष 2018 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में किस बैंक को 4,185 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है?

क. आरबीआई बैंक

ख. बैंक ऑफ़ बड़ोदा

ग. आईडीबीआई बैंक

घ. यस बैंक

वर्ष 2018 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में आईडीबीआई बैंक को 4,185 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है. जो की वर्ष 2017 की दिसंबर तिमाही से 174 प्रतिशत अधिक है. आईडीबीआई बैंक के नुकसान की लगातार 9वीं तिमाही है.

Q9. अमेरिका की पहली हिंदू सांसद तुलसी गबार्ड ने किस वर्ष में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए आधिकारिक घोषणा की है?

क. 2019

ख. 2020

ग. 2021

घ. 2022

अमेरिका देश की पहली हिंदू सांसद तुलसी गबार्ड ने हाल ही में वर्ष 2020 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए आधिकारिक घोषणा की है. वे वर्ष 2013 से हवाई राज्य से हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में डेमोक्रेट सांसद हैं.

SarkariExam.Com

Q10. अमेरिका के किस शहर में दुनिया का सबसे महंगा और सबसे बड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बन रहा है?

क. टेक्सास

ख. वाशिंगटन डी.सी

ग. इंगलवुड

घ. अलास्का

दुनिया का सबसे महंगा और सबसे बड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स(लॉस एंजिलिस स्टेडियम एंड एंटरटेनमेंट कॉम्प्लेक्स) अमेरिका के इंगलवुड शहर में बन रहा है जिसकी लागत 36 हजार करोड़ रुपए है और यह स्टेडियम 2020 तक बन जायेगा..

Q11. "नागरिकता संशोधन विधेयक" के विरोध में किस फिल्म निर्माता ने अपना पद्मश्री पुरस्कार लौटाने की घोषणा की है?

क. अरिबम श्याम शर्मा

ख. राजकुमार हिरानी

ग. सलीम अली खान

घ. इंदिरा कुमार सिंह

वर्ष 2006 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किये गए फिल्म निर्माता अरिबम श्याम शर्मा ने "नागरिकता संशोधन विधेयक" के विरोध में अपना पद्मश्री पुरस्कार लौटाने की घोषणा की है. उन्होंने मणिपुर के इम्फाल में यह घोषणा की है.

SarkariExam.Com

Q12. 2019-20 में बजट 2019 भारतीय रेलवे के लिए कितनी पूंजी का समर्थन करता है?

a) 36,292 करोड़ रुपये

b) 58,166 करोड़ रुपये

c) 64,587 करोड़ रुपये

d) 1,58, 658 करोड़

रेलवे का बजट से पूंजी समर्थन 2019-20 में 64,587 करोड़ रुपये प्रस्तावित है। रेलवे का समग्र पूंजी व्यय कार्यक्रम 1,58, 658 करोड़ रुपये का है।

Q13. आंध्र प्रदेश के लिए एक नया उच्च न्यायालय निम्नलिखित में से किस राज्य के शहर में बनाया जाएगा?

a) अमरावती

b) विजयवाड़ा

c) हैदराबाद

d) नेल्लोर

आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के अमरावती में नए भवन का उद्घाटन भारत के मुख्य न्यायाधीश, रंजीत गोगोई द्वारा किया गया था। यह दो मंजिला इमारत अमरावती क्षेत्र के नेलपाडु में स्थित है और इसमें 16 कोर्ट हॉल हैं और 150 करोड़ रुपये की लागत वाले इस भवन में 2.70 लाख वर्ग फीट का कार्यालय स्थान है।

SarkariExam.Com

Q14. संयुक्त राज्य अमेरिका ने किस देश के साथ इंटरमीडिएट-रेंज न्यूक्लियर फोर्सेस संधि की खिंचाई की है?

a) रूस

b) नाटो

c) उत्तर कोरिया

d) जापान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 1 फरवरी, 2019 को घोषणा की। कि संयुक्त राज्य अमेरिका तीन दशक पुरानी इंटरमीडिएट-रेंज न्यूक्लियर फोर्सेस (INF) संधि से बाहर निकलेगा, जिसे उसने शीत युद्ध के दौरान रूस के साथ हस्ताक्षरित किया था।

Q15. बेहतर शैक्षणिक गतिविधियों के लिए किस स्कूल की वाइस प्रिंसिपल सुनीता खन्ना को द्रोणाचार्य सम्मान से सम्मानित किया गया है?

क. दिल्ली पब्लिक स्कूल

ख. देहरादून पब्लिक स्कूल

ग. दून पब्लिक स्कूल

घ. मुंबई पब्लिक स्कूल

हाल ही में दिल्ली में आयोजित हुए एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि फॉरमर वाइस चांसलर इग्नू प्रो. एमएम पंत ने सोनीपत की ओर बेहतर शैक्षणिक गतिविधियों के लिए दून पब्लिक स्कूल की वाइस प्रिंसिपल सुनीता खन्ना को द्रोणाचार्य सम्मान से सम्मानित किया है.

SarkariExam.Com

SarkariExam.Com